दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 31 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 181

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोविड संक्रमित मामले 13 हजार से अधिक, 24 घंटे में 3,000 नए केस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के तीन हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 13 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 3016 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 13 ,509 हो गयी है और संक्रमण दर 2.73 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 1396 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.78 प्रतिशत है। इसी अवधि में 1,10,522 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 15,784 कोविड टीके लगाए गए हैं। इसके साथ ही देश में 220.65 करोड से अधिक कोविड टीके लगाए जा चुके हैं।

### दो परिवारों के बीच लड़ाई में 6 साल के मासूम की मौत

**कोच्चि (आरएनएस)।** केरल के त्रिशूर जिले में गुरुवार को दो प्रवासी श्रमिकों के परिवारों के बीच हुए झगड़े में छह साल के एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, पुथुक्कड़ में बुधवार से ही परिवारों में मारपीट हो रही थी। गुरुवार सुबह लड़ाई और तेज हो गई और इस दौरान छह वर्षीय एन.इस्लाम की मौत हो गई, जबकि उसकी मां को गंभीर चोटें आईं। लडक़े के चाचा सहित कुछ प्रवासी श्रमिकों को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। आगे के ब्योरे की प्रतीक्षा है।

### अदानी समूह के निर्माणाधीन डाटा सेंटर की बिल्डिंग में लगी आग

**नोएडा (आरएनएस)।** अदानी समूह के निर्माणाधीन डाटा सेंटर की बिल्डिंग में बुधवार रात आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंची थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग में जनहानि की सूचना नहीं है। बीती रात 11 बजे के आसपास नोएडा के थाना 58 इलाके के सेक्टर 62 में अदानी समूह के बन रहे डाटा सेंटर की बिल्डिंग में आग लगने की सूचना पुलिस को मिली। इसके बाद इसकी सूचना फायर विभाग को दी गई। अदानी कनेक्स डाटा सेंटर सेक्टर 62 के निर्माणाधीन बिल्डिंग में आग की सूचना मिलने पर फायर सर्विस यूनिट ने त्वरित कारवाई शुरू की और फायर ब्रिगेड की कई गाडिय़ां मौके पर पहुंच गईं। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। फायर विभाग के मुताबिक अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक निर्माणाधीन अदानी प्रोजेक्ट की शटरिंग को वेल्डिंग करते समय साइड में रखे थर्माकोल और प्लास्टिक मे आग लग गई थी। जिसे फायर बिग्रेड की मदद से बुझा दिया गया।

### आंध्र प्रदेश के मंदिर में रामनवमी समारोह के दौरान लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

अमरावती 30 मार्च,(आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में गुरुवार को रामनवमी समारोह के दौरान एक मंदिर में आग लग गई। यह घटना दुव्वा के वेणुगोपाल स्वामी मंदिर में हुई। मंदिर परिसर में उत्सव के लिए बनाया गया मंडप आग में जलकर खाक हो गया। कल्याण उत्सव में भाग लेने के दौरान इस घटना से दहशत फैल गई और वह खुद को बचाने के लिए बाहर भागे। मंदिर परिसर से आग की बड़ी-बड़ी लपटें निकलती देखी गईं।

# इसरो के उपग्रह ईओएस-06 ने कैप्चर की पृथ्वी की अद्भुत तस्वीरें

## स्पेस से दिखी भारत की खूबसूरत झलक



**चेन्नई (आरएनएस)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से 26 नवंबर-2022 को प्रक्षेपण यान पीएसएलवी द्वारा प्रक्षेपित उपग्रह ईओएस-06 ने पृथ्वी की तस्वीरें ली है। जिसमें भारत के हिस्से के भूभाग की छवि देखते ही बनती है। इसरो ने अपने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि एनआरएससी/इसरो ने ईओएस-06 पर लगे ओशन कलर मॉनिटर (ओसीएम) पेलोड द्वारा ली गई तस्वीरों से वैश्विक फॉल्स कलर कम्पोजिट (एफसीसी) मोज़ेक तैयार किया है। इसरो ने कहा कि 01 से 15 फरवरी, 2023 की अवधि पृथ्वी को प्रदर्शित करने के लिए 300 जीबी डेटा संसाधित करने के बाद 2,939 अलग-अलग चित्रों को मिलाकर एक किमी स्थानिक रिज़ॉल्यूशन वाला मोज़ेक तैयार किया गया है। ओसीएम पृथ्वी को 13 अलग-अलग तरंगदैर्ध्यों में महसूस करता है, जिससे महासागरों के लिए भूमि और महासागर बायोटा पर वैश्विक वनस्पति कवर पर जानकारी उपलब्ध की जा सके। इसरो ने पीएसएलवी-सी54 द्वारा 26 नवंबर, 2022 को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार रेंज, श्रीहरिकोटा से आठ नैनो उपग्रहों के साथ ईओएस-06 उपग्रह को दो अलग-अलग एसएसपीओ में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था। ईओएस -06, ओशनसैट श्रृंखला की तीसरी पीढ़ी का उपग्रह है, जो ज्यादा पेलोड क्षमता के साथ ओशनसैट-2 की सेवाएं निरंतर प्रदान करता है। उपग्रह के चार महत्वपूर्ण पेलोड ओशन कलर मॉनिटर (ओसीएम-3), सी सरफेस टेंपरेचर मॉनिटर (एसएसटीएम), केयू-बैंड स्कैटरोमीटर (एससीएटी-3), एआरजीओएस हैं। ओशनसैट-2 को सितंबर, 2009 में वैश्विक महासागरों को कवर करने और वैश्विक विंड वेक्टर के साथ ओशन कलर डेटा की निरंतरता प्रदान करने प्रक्षेपित किया गया था।

# रामनवमी पर बड़ा हादसा, मंदिर में कुएं की छत धसकने से कई लोग गिरे, रेस्क्यू जारी



**इंदौर (आरएनएस)।** रामनवमी के मौके पर इंदौर में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां मंदिर की बावड़ी (कुएं) की छत धंसने से 20 से ज्यादा लोग गिर गए। राहत बचाव कार्य जारी है। सात लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बिलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के मौके पर बड़ी संख्या में लोग बावड़ी की छत पर बैठकर हवन पूजन आदि कर रहे थे। अचानक बावड़ी की छत धंस गई और उसमें लोग नीचे गिर गए।

हादसे की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमला और राहत बचाव दल मौके पर पहुंचा। जो लोग बावड़ी में गिरे हैं उन्हें रस्सियों की मदद से बाहर निकालने का प्रयास जारी है। जिन लोगों को बाहर निकाला गया है उनमें कई को चोटें आई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में बेलेश्वर महादेव मंदिर स्थित बावड़ी में कुछ श्रद्धालुओं के फंसे होने की घटना का संज्ञान लिया है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर कलेक्टर, कमिश्नर से फोन पर चर्चा कर रेस्क्यू ऑपरेशन को तेज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय, इंदौर जिला प्रशासन से निरंतर संपर्क में है। इंदौर पुलिस के आला अधिकारी, जिला प्रशासन के आला अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं।

श्रद्धालुओं को निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। बावड़ी से कुछ लोगों का रेस्क्यू अब तक किया जा चुका है। अब तक 7 लोगो को रेस्क्यू कर लिया गया है। बावड़ी में 13 लोग और हैं जिन्हें निकाला जा रहा है।

# अमेरिकी सेना के दो ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर आपस में टकराए, 9 लोगों की मौत



**वाशिंगटन।** अमेरिका की सेना के दो ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर प्रशिक्षण अभियान के दौरान केंटुकी में आपस में टकरा गए हैं। अमेरिकी सेना के दो ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर प्रशिक्षण अभियान के दौरान केंटुकी में उड़ रहे थे, उसी दौरान टकराव के चलते उनमें आग लग गई। दुर्घटना में 9 लोगों की जान गई है। यूएस की लोकल मीडिया ने यह जानकारी दी।

बता दें, ब्लैक हॉक फ्रंट लाइन यूटिलिटी हेलीकॉप्टर है, जिसे अमेरिका ने वियतनाम युद्ध के दौरान मिले सबक के बाद तैयार किया। दुनियाभर में अमेरिका के कई मित्र देशों की स्पेशल फोर्सेस इस तरह के हेलीकॉप्टर इस्तेमाल करती हैं। ये हेलीकॉप्टर खास मिशन को अंजाम देने में कारगर माने गए हैं, क्योंकि इनकी स्पीड तेज होती है और इनमें तकनीक चीजें भी अधिक होती हैं।

ब्लैक हॉक की रेंज 1,381 मील तक है। एक बार फ्यूल लोड करने पर ये सैकड़ों किमी तक उड़ सकते हैं। इनकी लिफ्ट कैपेसिटी भी अच्छी बताई जाती है। अमेरिकी सेना का दावा है कि अपने बाहरी कार्गो हुक के साथ, ब्लैक हॉक 8,000 पाउंड वजन वाली वस्तुओं को उठा सकता है।

# पंजाब-हिमाचल समेत 5 राज्यों में झमाझम बारिश, आज भी आंधी-बारिश के साथ गिरेंगे ओले



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बुधवार की शाम तेज हवा के साथ झमाझम बारिश देखने को मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक आज भी दिल्ली-एनसीआर में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने की उम्मीद है। आज शाम और रात के वक्त दिल्ली-एनसीआर में कई जगहों पर गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं और ओले गिरने की आशंका है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि उत्तर पश्चिम भारत के जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में 30 मार्च से 1 अप्रैल के दौरान छिटपुट से लेकर काफी व्यापक वर्षा और आंधी आने की संभावना है। आईएमडी ने 30 और 31 मार्च को इन राज्यों में कई जगह ओले गिरने की भी चेतावनी दी है।

मौसम विभाग के मुताबिक 30 और 31 तारीख को मध्य भारत के मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में कई जगहों पर गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। जबकि छत्तीसगढ़ में 31 मार्च को कई जगहों पर ओले गिरने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक 30 मार्च से 01 अप्रैल के दौरान पूर्वी भारत में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में काफी व्यापक वर्षा और तूफान आने की संभावना है। 31 मार्च को ओडिशा के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा होने की भी संभावना है। 31 मार्च को इस इलाके में कई जगह ओले गिरने की संभावना है।

आईएमडी के मुताबिक 30 मार्च से 2 अप्रैल के दौरान पूर्वोत्तर भारत में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ छिटपुट से लेकर व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है। 31 मार्च से 2 अप्रैल के दौरान असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर भारी वर्षा होने की भी संभावना है। जबकि 1 और 2 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर भारी बारिश हो सकती है।

# यूपी में कर्नाटक के पांच अपराधी गिरफ्तार



**जालौन (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के जालौन में पुलिस ने अलग-अलग जिलों में चोरी और डकैती के मामलों में कथित रूप से शामिल पांच लोगों को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इसमें दो घायल हो गए थे। पांचों कर्नाटक के रहने वाले हैं। यह सफलता तब मिली, जब स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी और कोतवाली पुलिस की टीमों ने एक विशेष सूचना के आधार पर फैक्ट्री क्षेत्र के पास एक कार को रोकने की कोशिश की।

कार रोकने की बजाय बदमाशों ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश घायल हो गए।

मुठभेड़ में एक कांस्टेबल को भी गोली लगी है।

पुलिस ने उनके पास से राज्य की राजधानी (लखनऊ) की पंजीकरण संख्या वाली होंडा सिटी कार के साथ 1.55 लाख रुपये की नकदी बरामद की है।

पुलिस ने घायल अपराधियों की पहचान आरिफ और मोहम्मद गौस के रूप में की है, दोनों मुंडेश्वर कॉलोनी, जिला कारवार, कर्नाटक के निवासी हैं, जबकि उनके गिरफ्तार साथियों की पहचान कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में मंडी पुलिस सर्कल के निवासी अनीस शेख, आसिफ शेख और अर्सलान के रूप में हुई।

पुलिस ने दावा किया कि आरोपियों ने डकैती की घटनाओं में अपनी संलिप्तता कबूल की और कहा कि वे एक राज्य से दूसरे राज्य में अपना ठिकाना बदलते रहते हैं।

अधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने कहा, वर्तमान में वे बाराबंकी जिले के एक इलाके में रह रहे थे। पुलिस ने आरोपियों से जिंदा कारतूस के साथ दो पिस्टल भी बरामद किया है। घायल अपराधियों में एक सिपाही के अलावा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने गिरोह के दो और सदस्यों के नामों का खुलासा किया है और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की दो और टीमों को लगाया गया है।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुला अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत का राज, बॉयफ्रेंड की तलाश में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की खुदकुशी के मामले में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आज सामने आ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक आकांक्षा की मौत फंदे पर लटकने की वजह से हुई है पर आकांक्षा के परिजन इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है। उनका कहना है कि आकांक्षा की मौत उसके बॉयफ्रेंड समर सिंह ने की है। जबकि समर सिंह इस वक्त फरार है। पुलिस समर को ढूंढ रही है। पुलिस ने बताया कि आकांक्षा की मौत वाले दिन समर उसके साथ पार्टी में मौजूद था लेकिन जब पार्टी से जब आकांक्षा होटल में गई तो उस वक्त उसके समर नहीं बल्कि कोई अनजान शख्स था। पुलिस का मानना है कि आकांक्षा की आत्महत्या के पीछे समर सिंह का हाथ हो सकता है। पुलिस समर सिंह की तलाश कर रही है। बता दें, आकांक्षा और समर सिंह लिव इन रिलेशनशिप में थे। आकांक्षा की मां मधु दुबे ने कहा कि ये आत्महत्या नहीं बल्कि एक सोची समझी साजिश थी।

# भारत की पाक पर डिजिटल स्ट्राइक, सरकार के टिवटर अकाउंट को किया बैन


**नई दिल्ली(आरएनएस)।** भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और कार्रवाई करते हुए वहां की सरकार के ट्विटर अकाउंट को बैन कर दिया है। पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट को भारत में बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान की सरकार के ट्विटर अकाउंट को एक्सेस करने पर एक संदेश मिलता है, जिसमें लिखा है कानूनी मांग के जवाब में पाकिस्तान सरकार के ट्विटर हैंडल को भारत में रोक दिया गया है। आपको बता दें कि बीते छह महीने में यह दूसरी बार है जब भारत में पाकिस्तानी ट्विटर हैंडल पर रोक लगाई गई है।

हालांकि, भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक ट्विटर हैंडल के खिलाफ यह कदम क्यों उठाया है, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मली है। ट्विटर के दिशा-निर्देशों को इस तरह से तैयार किया गया है कि अदालत के आदेश के बाद किसी के भी अकाउंट को पूरी तरह से बंद कर सकते हैं।

आपको बता दें कि पाकिस्तान की सरकार का आधिकारिक हैंडल गर्वमेंट ऑफ पाकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा जैसे देशों से देखा जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के आईटी मंत्रालयों में से किसी ने भी अभी तक इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

अक्टूबर 2022 में भी पाकिस्तान के सरकारी आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भारत में रोक लगा दी गई थी। इससे पहले जुलाई में भी इसे बैन कर दिया गया था। हालांकि, दोनों ही मौकों पर बाद में इसे रिस्टोर कर दिया गया था।

# 250 लोगों को ले जा रही फेरी में लगी आग, 12 लोग जिंदा जले- कईयों ने समुद्र में लगाई छलांग



**मनीला।** दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश फिलीपींस में आज एक बड़ा हादसा हो गया। यहां 250 लोगों को ले जा रही एक फेरी में आग लग गई। इस हादसे में कई लोगों के जिंदा जलने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि हादसे में लगी आग से बहुत लोग झुलस गए हैं। भीषण हादसे के बाद तत्काल ही राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह हादसा प्रशांत महासागर में तब हुआ, जब फिलीपींस में 250 लोगों को ले जा रही फेरी में आग लग गई। अब तक 12 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और 7 लापता बताए जा रहे हैं। फिलीपीन कोस्ट गार्ड्स की ओर से बताया गया कि यात्रियों से भरी फेरी दक्षिणी फिलीपींस के समुद्र से गुजर रही थी, उसी दौरान बलुक-बलुक द्वीप के पास उसमें आग लगी। बलुक-बलुक द्वीप फिलीपींस के बेसिलन प्रांत में पड़ता है। ज़ांबोंगा स्थित फिलीपीन कोस्ट गार्ड के अनुसार, कई पानी के जहाज आग बुझाने में जुटे हैं। बेसिलन के दक्षिणी द्वीप प्रांत के गवर्नर जिम हाटामैन ने गुरुवार को बताया कि फेरी में आग लगने के बाद कई लोग जान बचाने के लिए समुद्र में कूद गए थे, वे लापता हो गए हैं। उनमें से कई को तट रक्षक, नौसेना, एक अन्य नौका और स्थानीय मछुआरों द्वारा समुद्र से निकाला गया है। वहीं, कई अन्य की अभी तलाश की जा रही है।

# झारखंड का आंजन पर्वत है हनुमान की जन्मभूमि, रामनवमी पर उमड़ी भक्तों की भीड़



**रांची (आरएनएस)।** पौराणिक मान्यताओं में यह सुस्थापित तथ्य है कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या है, लेकिन भगवान राम के अनन्य हनुमान की जन्मभूमि को लेकर अलग-अलग मान्यताएं और दावे हैं। इनमें से एक मान्यता है कि हनुमान का जन्मस्थल झारखंड के गुमला में स्थित आंजन पर्वत है। आंजन धाम के नाम से प्रसिद्ध इस पहाड़ी और वहां स्थित गुफा में माता अंजनी की गोद में विराजमान बाल हनुमान की पूजा-अर्चना के लिए रामनवमी पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। आम दिनों में भी यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

इस स्थल से जुड़ी मान्यताओं के जानकार आचार्य संतोष पाठक के मुताबिक, हनुमान भगवान शिव के 11वें रुद्रावतार माने जाते हैं और उनका जन्म आंजन धाम में हुआ था। सनातन धर्मावलंबियों के व्यापक जनसमूह का विश्वास है कि झारखंड के गुमला जिला मुख्यालय से लगभग 21 किमी की दूरी पर स्थित आंजन पर्वत ही वह स्थान है, जहां माता अंजनी ने उन्हें जन्म दिया था। माता अंजनी के नाम से इस जगह का नाम आंजन धाम पड़ा। इसे आंजनेय के नाम से भी जाना जाता है। यहां स्थित मंदिर पूरे भारत का इकलौता ऐसा मंदिर है जहां भगवान हनुमान बाल रूप में मां अंजनी की गोद में बैठे हुए हैं।

आंजन धाम के मुख्य पुजारी केदारनाथ पांडेय बताते हैं कि माता अंजनी भगवान शिव की परम भक्त थीं। वह हर दिन भगवान की विशेष पूजा अर्चना करती थीं। उनकी पूजा की विशेष विधि थी, वह वर्ष के 365 दिन अलग-अलग शिवलिंग की पूजा करती थीं। इसके प्रमाण अब भी यहां मिलते हैं। कुछ शिवलिंग व तालाब आज भी अपने मूल स्थान पर स्थित हैं। आंजन पहाड़ी पर स्थित चक्रधारी मंदिर में 8 शिवलिंग दो पंक्तियों में हैं। इसे अष्टशंभू कहा जाता है। शिवलिंग के ऊपर चक्र है। यह चक्र एक भारी पत्थर का बना हुआ है।

केदारनाथ पांडेय के अनुसार रामायण में किष्किंधा कांड में भी आंजन पर्वत का उल्लेख है। आंजन पर्वत की गुफा में ही भगवान शिव की कृपा से कानों में पवन स्पर्श से माता अंजनी ने हनुमान जी को जन्म दिया। आंजन से लगभग 35 किलोमीटर दूरी पर पालकोट बसा हुआ है। पालकोट में पंपा सरोवर है। रामायण में यह स्पष्ट उल्लेख है कि पंपा सरोवर के बगल का पहाड़ ऋषिमुख पर्वत है जहां पर कपिराज सुग्रीव के मंत्री के रूप में हनुमान रहते थे। इसी पर्वत पर सुग्रीव का श्री राम से मिलन हुआ था। यह पर्वत भी लोगों की आस्था का केंद्र है। चैत्र माह में रामनवमी से यहां विशेष पूजा अर्चना शुरू हो जाती है जो महावीर जयंती तक चलती है। यहां पूरे झारखंड समेत देश भर से लोग आते हैं। झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, ओडिशा आदि राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।